तरुण भारत संघ

ग्राम स्वावलम्बन
की दिशा में
दो कदम

1995-97 के कार्यों पर एक नज़र

प्रकाशक : तरुण भारत संघ, भीकमपुरा
पो.- किशोरी
वाया- थानागाजी- 301 022
जिला- अलवर (राज.)
मुद्रक : कुमार एण्ड कंपनी, जयपुर

1. तरुण भारत संघ वर्ष 1995-96 का कार्य विवरण

तरुण भारत संघ ने 1985 में थानागाजी क्षेत्र में जल संरक्षण का काम शुरू किया था। उस समय यहां के लोग भूख, प्यास, बेकारी, लाचारी से शहरों की ओर पलायन कर रहे थे। प्राय: सब कुएँ सूख चुके थे, नदी, नाले वर्ष भर सूखे पड़े रहते थे। गाय, पशुपालकों ने अपने दरवाजे से खोल दी थी। भेड़, बकरी, ऊंट आदि भी कम संख्या में दिखाई देते थे। 1986 में इन भयानक हालातों को बदलने की ताकत समाज में भरने का संकल्प इस संस्था और समाज ने मिलकर लिया। सबसे पहले समाज में भूले व लुप्त होते तरीकों की खोज शुरू हुई और फिर समाज अपने तरीकों के बल पर बदलने के साथ-साथ खड़ा होने लगा। समाज में सबसे पहले अपने अन्न के स्वावलम्बन करने की चर्चा हुई, तो पानी की पूर्ति व्यवस्था की योजना बनी। तालाब बनाने का निर्णय लिया गया। समाज के इस निश्चय में मदद करने की सब ने मिलकर ठान ली और क्षेत्र में तालाब बनाने का काम शुरू हुआ। पहले वर्ष में 1 तालाब बना। उसके बाद गुणात्मक रूप में तालाब बढ़ते गये। अब यह आंकड़ा 862 से ऊपर पहुंच गया है। इनके अलावा लगभग 200 तालाब लोगों ने पूर्ण श्रमदान से बनाये हैं।

इन तालाबों का परिणाम यह हुआ कि, सरकार को अपने रिकार्ड बदलने पड़े। यह डार्क जोन अब व्हाइट जोन में बदल गया। इस क्षेत्र की पांच छोटी नदियां, अरवरी, बान्डी, सरसा, जहाज वाली, बुजा व नीमी वाली नदी अब वर्ष भर बहने लगी हैं। खेतों का कुओं द्वारा पूर्ण सिंचन करने तथा सीधे नदी से जल उठाकर भूमि सिंचित करने से फसल होने लगी है। अब यहां जगह-जगह पशु, पक्षियों व लोगों को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध होता है। अनाज की पैदावार लगभग 4 गुनी बढ़ गई है। कुओं का जल स्तर बहुत ऊपर आ गया है। इससे इस क्षेत्र में डीजल की भी बचत शुरू हो गई है। पहले जहां कहीं एक-दो कुओं में पानी था, बहुत गहरा था। इसलिए इंजन पूरा दिन-रात नहीं चल पाता था। एक-आध घंटा डीजल इंजन चलता था। फिर कुओं का पानी खत्म हो जाता था। 5 लीटर डीजल से 1 बीघा सिंचाई होती थी। अब नदी से सिंचाई करने से 1 लीटर खर्च होता है। कुओं से सिंचाई करने में 2 लीटर डीजल खर्च होता है। एक बार इंजन शुरू करके पूरी सिंचाई करने के बाद ही इंजन बंद होता है, इससे किसानों के डीजल व समय, दोनों की बचत हुई है।

इस कार्य से महिलाओं के कष्ट भी कम हुए हैं। पहले महिलाओं को पेय जल की व्यवस्था करने हेतु बहुत दूर तथा गहराई से पानीं खींचकर लाना पड़ता था। अब इन्हें सहज ही जल उपलब्ध हो जाता है, जिससे इनकी ऊर्जा बचती है तथा समय भी बचने लगा है। जल-प्रबन्ध के कारण खेती पशुपालन से जो उत्पादन बढ़ा है, उसकी आय भी यहां की महिलाओं के हाथ में आती है। इसके कारण महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण हुआ है। इस कार्य में एक लाख से अधिक महिलाओं को लाभ हुआ।

महिलाएं अब बचे हुए समय में अपने घर-परिवार के साथ समाज के हित की बात भी सोचती हैं। अब यहां की लड़कियां भी स्कूल जाने लगी हैं। जिन गांवों में पहले 1 भी लड़की स्कूल नहीं जाती थी। अब उन गांवों में औसतन 30 लड़कियां स्कूल जाने लगी हैं। आजकल त. भा. सं. का कार्य 332 गांवों में चल रहा है। इस प्रकार 332 x 30 = 9960 लड़कियां स्कूल जाने लगी हैं। यह त.भा.सं. के महिला जागरूकता कार्यक्रम का परिणाम है। स्कूल में लड़कियों की संख्या भी बढ़ी है, लड़कों की भी संख्या बढ़ी है। इस प्रकार महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए गांव-गांव में महिला संगठन एवं महिला बैंक तथा महिला स्वयंसेवक समूह बनाये गये हैं। ये समूह गांव में जल, जंगल, जमीन संरक्षण कार्यों में मदद करने के साथ-साथ तालाब बनाने हेतु श्रमदान तथा गांव की सहयोग राशि जुटाने में मदद करते हैं। इस समय त.भा.सं. के साथ 137 महिला समूह सक्रिय हैं। ये समूह ग्रामसभा के कार्यों में सहयोग करने हेतु ग्रामसभा द्वारा ही गठित किये गये, क्योंकि इस क्षेत्र की महिलाएं पुरुषों से अलग बैठकर बातचीत करना पसन्द करती हैं।

तालाब बनाने का काम या गांव की सामलात देह को बचाने का काम या सामलाती भलाई के कामों को गति देने के लिए गांव के स्तर पर लोक समितियाँ, ग्राम संगठन या ग्रामसभा इस प्रकार का संचालन करती है। इस समय त.भा.सं. के साथ 215 ग्रामसभा सक्रिय हैं। इसमें 98 तो अपना नियमित हिसाब-किताब रखती हैं। 11 गांवों के लोगों ने अपना ग्राम कोष बनाया है। ग्राम कोष से सामलाती

संसाधन निर्मित होने लगे हैं। अब ये दूसरों की मदद के लिए मोहताज नहीं हैं। अब ऐसे कई गांव हैं, जो केवल अपने श्रमदान व योजनाओं से अपने गांव का विकास कार्य कर रहे हैं। त.भा.सं. ने प्रयास किया है कि लोगों की अपनी कौशल-क्षमता बढ़े। अब एक-दूसरे के काम को देखकर गांव-गांव में कार्य बढ़ रहा है। अब यह काम सहज रूप से लोगों की शक्ति, क्षमता तथा खोये सम्मान को वापस लाने में सफल हुआ है। यहां के लोगों ने कई छोटी-छोटी लड़ाईयां संगठित होकर जीत ली हैं। सबसे पहली लड़ाई गांव गोपालपुरा में वर्षा जल प्रबन्ध करने में आ रही कानूनी अड़चनों को 1986-87 में दूर करने हेतु लड़ी गई। 1987-88 में सरिस्का के 22 गांवों में ग्रामीणों ने हकों की लड़ाई लड़ी और जीती तथा 1989-90 में गोचर बचाने के लिए संघर्ष किया। 1990 से आज तक खदानों के विरुद्ध संघर्ष जारी है। अभी नदी, नालों और पहाड़ों के हकों के लिए लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। इस प्रकार त.भा.सं. के मूल रचनात्मक कार्यों में जो भी अड़चनें आती हैं, उसे दूर करने के लिए संघ खड़ा हो जाता है और अहिंसक सत्याग्रह या संघर्ष का रास्ता अपनाते हुए आगे बढ़ता है।

त. भा. सं. का यह मानना है कि, समाज में आज निर्माण की प्रक्रिया धीमी पड़ी है। इसको तेज करने हेतु छोटे-छोटे निर्माण तथा अहिंसक संघर्ष करने होंगे। लोक संघर्ष से लोगों का सशक्तीकरण होता है तथा सरकारी व्यवस्था संवेदक बनती है। संवेदक और सशक्तीकरण से निर्माण की प्रक्रिया शुरू होती है। यह प्रक्रिया ही समाज में समरसता पैदा करती है। यह अनुभव तरुण भारत संघ के कार्य- क्षेत्र में सैकड़ों गांवों में सिद्ध हो चुका है।

समाज के अपने खोये सम्मान व स्वाभिमान को वापस प्राप्त करने हेतु अपने देशज तरीकों को अपनाया गया है। इसलिए यहां ग्राम गुरु, गुणी, थाई, धराडी जैसी महत्वपूर्ण परम्पराएं पुन: व्यवहार में आने लगी हैं। थाई व्यवस्था के कारण अब गांव के आपसी विवाद थाई पर बैठ कर निपटा लिये जाते हैं। पेड़ काटने को रोकने के लिए धराडी परम्परा जीवित की गई। इसके चलते यह क्षेत्र पुन: हरा-भरा दिखने लगा है। ग्रामवासी अपनी रखतवनी, कांकड़ वनी, देव वनी, देव ओरण्य, बीड और वाल के उपयोग को समझकर अब ये जहां कहीं बची है उनका संरक्षण, संवर्धन करने लगे हैं।

तरुण भारत संघ ने वर्ष 1995-96 में 290 बाँध/ जोहड़ बनाये तथा बाढ़ पीड़ितों की सेवा तथा राहत के कार्य किये। साथ ही साथ गरीबों की सामलात देह, गोचर व जंगल पर कब्जा करने वालों को रोकने हेतु लोगों के साथ मिलकर काम किया। शराब कारखानों एवं पांच सितारा पर्यटन तथा पर्यावरण दूषित करने वाले खनन जैसे उद्योगों से होने वाले विनाश को रोकने हेतु जनमानस तैयार किया। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के विरूद्ध संघर्ष करने हेतु लोकमानस बनाया। यह कार्य विशेषकर जिले की तिजारा तहसील ने किया।

परम्परागत चिकित्सा पद्धति से लगभग 9500 लोगों की चिकित्सा/सेवा का कार्य किया। सरिस्का के आसपास की जड़ी-बूटियों का अध्ययन एवं दस्तावेजीकरण किया। इस कार्य में स्थानीय गुणियों तथा युवकों को परम्परागत चिकित्सा पद्धति से प्रशिक्षित किया।

जैसलमेर, उदयपुर, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, जयपुर, दौसा तथा अलवर जिले में स्वैच्छिक समाज कार्यों को करने हेतु अन्य व्यक्तियों व संस्थाओं को सहयोग किया।

स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कताई, रंगाई व बुनाई का कार्य भी तरुण आश्रम में शुरू किया। गांवों में जंगल संरक्षण तथा जलागम विकास के कारण चापूणिया की लकड़ी से टोकरे बनाने का उद्योग पुन: शुरू हुआ। चारे व अनाज का उत्पादन बढ़ने के कारण खेती व पशुपालन में लोगों को काफी रोजगार मिलने लगा। अब तरुण भारत संघ के कार्यक्षेत्र में पेयजल व सिंचाई का संकट नहीं रहा। पिछले 11 वर्षों में इस क्षेत्र में जो अब तक हजारों बांध व जोहड़ बने हैं, उनके परिणामस्वरूप सितम्बर 1995 में आयी बाढ़ का दुष्प्रभाव भी नहीं रहा। बल्कि इस वर्ष की अतिवृष्टि का तरुण भारत संघ के कार्यक्षेत्र में बहुत अधिक लाभ हुआ। क्योंकि जो भी वर्षा हुई उसका 90 प्रतिशत जल इस क्षेत्र में बनी जल संरक्षण संरचनाओं में रुक गया, जिसके कारण वर्ष भर लोगों को जल उपलब्ध हो सका।

इस वर्ष मानसून में लगभग 1,25,000 पौधे, 300 गांवों की सार्वजनिक भूमि, निजी भूमि, घर व खेतों पर लगाये गये। तरुण भारत संघ ने ये पौधे अपनी पौधशाला में तैयार करके गांव-गांव पहुंचवाये। इनके संरक्षण व संवर्धन हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए

''पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ पद यात्रा'' का आयोजन किया गया। सैन्द्रिय खाद बनाने हेतु 60 गांवों में सैन्द्रिय खाद निर्माण प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

पंचायत राज्य संस्थाओं के चुनाव के पूर्व ही महिलाओं के शिक्षण व प्रशिक्षण का कार्य तरुण भारत संघ ने शुरू कर दिया था। चुनाव के बाद भी चुनकर आयी 1100 महिला पंच/सरपंचों को संघ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित महिलाएं अब अपनी पंचायत का काम भली प्रकार कर रही हैं।

समाप्त होती हुई परम्परागत बीजों की प्रजातियों को बचाने के लिए किसानों के साथ बातचीत करके पुराने बीजों के संरक्षण का काम किया। संघ खेती में जैविक विविधता बनाये रखने हेतु पूर्ण रूप से सजग है। बीजों की सुरक्षा हेतु संघ ने किसानों को पांच सौ से अधिक धातु की कोठियां तैयार करवा कर दीं। इस कार्य में भारत सरकार के अन्न सुरक्षा अभियान का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण रहा। ग्रामवासियों ने भी इसमें बहुत रुचि ली। राजस्थान सरकार के सहयोग से थानागाजी तहसील के 56 गांवों के लिए जलागम विकास की परियोजना शुरू की गई। इस परियोजना के लिए आर्थिक सहयोग स्विटजरलैण्ड विकास निगम 'एस.डी.सी.' व राजस्थान सरकार कर रही है।

स्विटजरलैण्ड की ही इन्टरकोआपरेशन नामक संस्था के सहयोग से 15 गांवों के 30 युवकों/युवतियों को सामलात देह प्रबंध प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षित युवकों/युवतियों के द्वारा ही उनके गांव में सामलात देह प्रबंध एवं विकास कार्यों हेतु काम किया गया। इन 15 गांवों में 68 जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण हुआ।

स्वीडन सरकार की सीडा नामक संस्था के आर्थिक सहयोग से उमरैण पंचायत समिति में 48 जोहड़ व बंधे बनाये गये।

इकों, नीदरलैण्ड के सहयोग से अलवर जिले की चार तहसीलों थानागाजी, राजगढ़, लक्ष्मणगढ़ व अलवर ग्रामीण में 157 बांध व जोहड़ बनाये।

जर्मनी की जी.टी.जैड. के सहयोग से राजगढ़ तहसील की रैणी पंचायत समिति में 17 जोहड़ व बांधों पर कार्य चल रहा है।

भारत सरकार के केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड की सहायता से संघ द्वारा 14 शिशु पालनागृह राजगढ़ व थानागाजी के विभिन्न गांवों में चलाये गये।

महिलाओं के संवेदी मुद्दों के समाधान हेतु महिला संगठनों का एक मंच बनाया गया तथा महिलाओं के उत्थान हेतु सहज रूप से रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के लिए कार्य किया गया। महिलाएं सामुदायिक कार्यों एवं निर्णयों में अपनी अहम भूमिका निभा सकें, इस हेतु महिलाओं की बैठकें अधिक संख्या में आयोजित की गईं। बच्चों व महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु बाल व महिला स्वास्थ्य चेतना कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत 11 शिविर आयोजित किये गये। महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए खेती व पशुपालन की परम्परागत व्यवस्था को कुछ सुधार के साथ पुन: बहाल करने पर जोर दिया गया। दरी व टोकरी बनाने का काम भी शुरू किया गया।

सबको शिक्षा देने की दृष्टि से थानागाजी तहसील के किशोरी संकुल में राजस्थान सरकार के सहयोग से लोक जुम्बिश परियोजना चलायी जा रही है।

हमारी मान्यता है कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति से सबका, खास कर गरीबों का स्वास्थ्य रक्षण एवं चिकित्सा संभव नहीं है। इसलिए अपने देशज स्वास्थ्य ज्ञान एवं प्राकृतिक स्वास्थ्य रक्षण संसाधनों का सहारा लेकर ही स्वास्थ्य की रक्षा एवं चिकित्सा करनी पड़ेगी। इसी दृष्टि से तरुण भारत संघ ने ग्रामीण युवकों को प्रशिक्षण देकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य रक्षा करने हेतु तैयार किया है। ये युवा अब अपने गांव में ही आस-पास की जड़ी-बूटियों से स्वास्थ्य रक्षा व चिकित्सा का कार्य कर रहे हैं। यह तरुण भारत संघ का स्वदेशी चिकित्सा पद्धति का एक व्यापक कार्यक्रम बन रहा है। अब 70 ग्रामीण युवाओं ने जड़ी-बूटियों से चिकित्सा कार्य शुरू किया है।

आज देश में पशुओं की स्वदेशी नस्ल तेजी से समाप्त होती जा रही है। इसलिए संघ ने पशुओं की देशी नस्लों को समझने व बचाने के लिए दस्तावेजीकरण का काम किया है। अलवर जिले की बहुत ही महत्वपूर्ण जखराना नस्ल समाप्त होती जा रही है। इसे बचाने व बढ़ाने के लिए पशु विशेषज्ञों का एक दल गठित करके एक परियोजना चालू करने का निश्चय किया है। यह सेहत में स्वावलम्बन का काम है।

सरिस्का व जमुवारामगढ़ एवं कैला देवी वन्य जीव अभयारण्यों के जंगलों को बचाने हेतु जंगल जीवन बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही साथ जंगलों में रहने वाले लोगों को जंगल व जंगली जीवों को बचाने हेतु संगठित किया है।

आज तरुण भारत संघ के कार्यक्षेत्र में 215 ग्राम सभाएं सक्रिय होकर स्वयं अपने सब कार्य ग्राम स्वावलम्बन के लिए खेती तथा खेती के लिए स्वावलम्बन को आधार मानकर कर रही हैं। बीज, पशु नस्ल सुधार, सेन्द्रिय खाद निर्माण आदि के उक्त वर्णित सभी कार्य स्वयं करने लगी हैं। ये मासिक बैठक करके अमावस्या या पूर्णिमा को मिलकर सबके हित का चिन्तन-मनन, करते हैं। अपने कार्यों की योजना बनाने, उसके संचालन करने तथा मूल्यांकन आदि करने का काम करते हैं। आपसी विवाद व समस्या का समाधान करते हैं।

11 गांवों में अपना ग्राम कोष तैयार कर लिया है। ये इस ग्राम कोष से अपने गांव की समृद्धि के काम करते हैं। बुरे वक्त में ग्राम कोष से भूखे लोगों की मदद करके परस्पर सहयोग की भावना बढ़ाने का काम होता है।

150 ग्राम सभा भी धीरे-धीरे सक्रिय होकर ग्राम स्वावलम्बन के लिए आगे बढ़ रही है। यह भी आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक स्वावलम्बन के कार्यक्रम बनाकर काम करने लगी हैं।

तरुण भारत संघ ने 11 वर्ष पूर्व जो ग्राम स्वराज्य के लिए काम शुरू किया था, अब इस कार्य की गति तेज हुई है। कार्यकर्ताओं व लोगों के मानस में भी इसकी दिशा स्पष्ट हुई है।



सूरतगढ़ गांव में ग्रामसभा द्वारा बचाये गये जंगल से मिलने वाली चांपूणियां से टोकरे बनाते कीर परिवार।

तरुण भारत संघ वर्ष 1995-96 कार्य विवरण

क्र. सं.	कार्य का नाम	संख्या	स्थान/क्षेत्र	सहयोगी संस्था
1.	जल संरक्षण संरचना निर्माण	290/बांध/जोहड़	अलवर, जयपुर, सवाईमाधोपुर दौसा, उदयपुर, जैसलमेर	ईक्को, आई.सी., सीडा जी. टी. जैड
2.	स्वास्थ्य सेवा, परम्परागत चिकित्सा प्रशिक्षण	70 गांव	थानागाजी राजगढ़	ईक्को
3.	सबको शिक्षा	51 गांव	किशोरी संकुल थानागाजी	लोक जुम्बिश परिषद्
4.	शिशुपालनागृह	14 गांव	थानागाजी, राजगढ़	केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड
5.	वाटरशैड विकास अजबगढ़ ''पावड़ी परियोजना''	56 गांव	अजबगढ़ क्षेत्र ''थानागाजी''	एस. डी. सी., राज. सरकार, भारत सरकार।
6.	सामलात देह प्रशिक्षण	15 गांव	थानागाजी, राजगढ़	आई सी.
7.	पौधशाला निर्माण	सवा लाख पौधे तैयार	थानागाजी	संस्थागत
8.	वृक्षारोपण	सवा लाख पौधे''300 गांव'' में दिये	सरिस्का क्षेत्र के चारों तरफ	संस्थागत
9.	अकाल राहत/बाढ़ राहत	17 गांव	किशनगढ़/कोटकासिम	
10.	महिला पंच/सरपंच प्रशिक्षण	1100 महिला	अलवर	ऑक्सफेम इन्डिया ट्रस्ट
11.	देशज बीज संरक्षण	27 बीज प्रजातियां	अलवर	संस्थागत
12.	संयुक्त वन प्रबंध	90 गांव	थानागाजी, राजगढ़, लक्ष्मणगढ़, बानसुर, अलवर	संस्थागत
13.	स्वरोजगार–कताई, बुनाई, रंगाई, टोकरी निर्माण	21 गांव	थानागाजी	संस्थागत
14.	सैन्द्रिय खाद निर्माण/ प्रशिक्षण	60 गांव लक्ष्मणगढ़, अलवर	थानागाजी, राजगढ़,	संस्थागत
15.	पशु नस्ल संरक्षण	जखराना नस्ल	अलवर	संस्थागत
16.	पर्यावरण चेतना	300 गांव	अलवर	संस्थागत
17.	महिला स्वास्थ्य चेतना अभियान	11 शिविर	अलवर ''300 गांव''	संस्थागत
18.	अन्न संरक्षण हेतु कोठी निर्माण	500 कोठी	थानागाजी	ईक्को, पावड़ी, अन्न सुरक्षा अभियान, ''भारत सरकार''
19.	जन संगठन -40 महिला समूह - 30 युवा संगठन - एक युवा मंच - महिला मंच	-90 ग्राम सभा	अलवर	संस्थागत

तरुण भारत संघ द्वारा लोगों के सहयोग से
वर्ष 1995-96 में बनाये गये बांध- जोहड़ों की सूची

क्र.सं.	जोहड़/ बांध का नाम	गांव का नाम	पं.सं.	संस्था द्वारा भुगतान राशि	श्रमदान
1.	कुंज सागर	कालेड	थानागाजी	□55055,00	□
2.	जबर सागर	हमीरपुर	,,	258901.50	42516.90
3.	पण्डाला की जोहड़ी	नटाटा	,,	7113.50	2371.00
4.	कॉकड़वाला बांध	नटाटा	,,	12549.00	12549.00
5.	चौकीदारों का जोहड़	सांवतसर	,,	16483.00	5494.00
6.	पीपलवाला जोहड़	सांवतसर	,,	10794.00	3598.00
7.	छोटी तलाई	सांवतसर	,,	3776.00	1259.00
8.	लालाकाला की जोहड़ी	डूमोली	,,	9852.00	3284.00
9.	राडी तला का बांध	डूमोली	,,	9616.50	9616.50
10.	कल्याण का बांध	डूमोली	,,	10106.00	10106.00
11.	भैंसाला का जोहड़	डूमोली	,,	1487.00	□495.70
12.	मूलसिंह का एनिकट	खटाला	,,	5900.00	
13.	नाभाली जोहड़ी	खरडाटा	,,	8404.50	2802.00
14.	सॉकड़ा वाला बाँध	भांवता	,,	75046.00	8392.00
15.	कोल्याली जोहड़ी	कोल्याला	,,	6463.00	2154.00
16.	भैरूं पटेल का पुराना बांध	भूरियावास	,,	32716.50	3866.50
17.	सामा खोरा का जोहड़	चौसला	,,	16577.50	5525.50
18.	भोडा बा की जोहड़ी	चौसला	,,	21504.50	3975.00
19.	पंचवीर वाली जोहड़ी	चौसला	,,	8524.00	□2841.50
20.	पचवीरा वाली जोहड़ी	टोडा	,,	924.00	336.00
21.	सुकला वाली जोहड़ी	नागलवानी	,,	13455.00	□4485.00
22.	खोरा वाली जोहड़ी	खोरया की ढाणी	,,	6946.00	□2315.35
23.	बाबाजी की जोहड़ी	,,	,,	6249.00	□2083.00
24.	रंगला की जोहड़ी	,,		4839.00	1432.00
25.	रघुनाथ का एनिकट	नरैठ	,,	19627.00	—
26.	रामपाल का एनिकट	नरैठ	,,	12400.00	—
27.	झालरा का जोहड़	नागेल	,,	□21882.00	7294.20
28.	पचवीरा की जोहड़ी	,,	,,	3374.25	1124.75
29.	नल वाली जोहड़ी	,,	,,	3259.50	1086.00
30.	बंध वाली जोहड़ी	,,	,,	1388.00	463.00
31.	खाला का जोहड़	आमका	,,	922.50	307.50

32.	खाला की बावड़ी वाली जोहड़ी	,,	,,	7875.00	2625.00
33.	गुर्जरों का गुवाड़ा वाली जोहड़ी	पालासाना	,,	6638.00	2212.40
34.	भोपां की जोहड़ी	,,	,,	5210.90	5210.90
35.	हनुमान का एनिकट	बाछड़ी	,,	2600.00	—
36.	बीजा की ढाह ''विजय सागर''	काला लांका	,,	11238.75	—
37.	कल्याण गुर्जर की मेड़बन्दी	जोधावास	,,	1899.00	1899.00
38.	चूरखा झाड़ का बांध	,,	,,	3405.00	3405.00
39.	गोपाल मीणा की मेड़बन्दी	टोड़ी	,,	4505.00	4504.00
40.	तेल्याला बांध लक्ष्मणसिंह	जयसिंहपुरा	,,	26002.50	—
41.	जगदीश पटेल का बांध	जयसिंहपुरा	थानागाजी	4502.50	—
42.	हीरामल की जोहड़ी	बल्लूवास	,,	9934.25	3311.50
43.	बीसा वाला बंध	गोविन्दपुरा	,,	67583.00	—
44.	रामजीलाल बलाई की मेड़बन्दी	गोपालपुरा	,,	3431.00	3431.00
45.	बदरी बलाई की मेड़बन्दी	गोपालपुरा	,,	4573.00	4573.00
46.	माली वाली जोहड़ी	जैतपुर ब्राह्मणान	,,	1367.00	455.70
47.	बराला का बांध	सीली बावड़ी	,,	5026.00	5026.00
48.	काला भाटा वाला जोहड़	,,	,,	5317.00	1772.00
49.	बाबाजी वाला जोहड़	,,	,,	2868.00	957.00
50.	राडा वाला जोहड़	नरमा का गुवाड़ा	,,	8770.50	2923.50
51.	रामानन्द का एनिकट	चाबेरियों की ढाणी	,,	26399.00	10785.00
52.	बोदूराम की मेड़बन्दी	मोरडी	,,	1269.75	□1269.75
53.	खारा कुण्ड का जोहड़	खेडा	,,	6954.50	2318.00
54.	काली राडी की मेड़बन्दी	हीसला	,,	3480.00	3480.00
55.	पंचवीरा वाला जोहड़	हरीपुरा	,,	28383.00	2461.00
56.	पीली ढाब वाली जोहड़ी	,,	,,	28383.00	2461.00
57.	नानगा वाला जोहड़	,,	,,	6221.50	2074.00
58.	ढिगारिया वाला जोहड़	ढिगारिया	,,	19478.60	6492.85
59.	बूज की तलाई	बूज	,,	7856.00	2618.75
60.	भोमिया वाला जोहड़	सीली बावड़ी	,,	82656.75	28937.25
61.	ताला वाला जोहड़	चावा का बांस	,,	15092.40	5030.80
62.	रामकिशन का एनिकट	बाछड़ी	,,	2800.00	—
63.	पापड़ी वाला बांध	भूराला	,,	1200.00	—
64.	चौडी रांकड़ा वाली जोहड़ी	सामरेड खुर्द	,,	11089.40	3696.50
65.	बीड़ वाले हनुमानजी का बांध	नीमी	,,	1,63,190.00	54430.00
66.	खरीका बांध	भानपुर कलां	,,	390.00	
67.	नीमड़ा वाला एनिकट	बूजा	,,	10353.50	10353.50
68.	मस्ता बाबा का जोहड़	जादूवास	,,	8152.50	2717.50
69.	पचवीर वाला जोहड़	गुढ़ा	बानसुर	5393.00	1798.00

70.	मंदिर के पास वाला जोहड़	जुगरावर का बास	,,	26122.00	—
71.	रामनाथसिंह वाला जोहड़	जुगरावर का बास	,,	1080.00	360.00
72.	जुगरावर वाला बांध	जुगगरावर का बास	,,	1868.00	6022.00
73.	स्कूल के पास वाला जोहड़	हल्दीना	थानागाजी	22737.80	7545.90
74.	भोमिया जी का जोहड़	कैरवाड़ा	,,	15882.00	5294.00
75.	मूंडिया वाला जोहड़	मूडियां	,,	1650.00	550.00
76.	घाटी वाला जोहड़	खरखड़ा	,,	1233.00	412.00
77.	जोड़ली का बांध "मीणा वाला"	,,	,,	23286.00	7762.00
78.	निचला जोहड़	बडेर का बांस	,,	11722.00	3907.00
79.	पठान वाली जोहड़ी	बडेर का वास	,,	2680.00	2680.00
80.	नागल बोहरा		,,	2602.00	195.00
81.	बांडी जोहड़ी	खान्या बस्सी	,,	13912.00	4637.00
82.	पीपल वाली जोहड़ी	खान्या बस्सी	,,	16371.00	5458.00
83.	जांड्याली जोहड़ी	डोगोता	,,	11432.00	3810.80
84.	मूंगल्यावाली जोहड़ी	,,	,,	19447.50	6482.50
85.	नई तलाई	नामदारपुरा	राजगढ़	4720.00	—
86.	लांकाश का जोहड़	लांकाश	,,	2537.00	845.00
87.	कीटला की तलाई	कीटला	,,	840.00	—
88.	धाकरेट की तलाई	बलदेवगढ़	,,	6415.00	2138.00
89.	जमादार की तलाई	श्यालूता	,,	2449.00	816.40
90.	भेरूं जी का ऊपर वाला जोहड़	लोसल ब्राह्मणान	,,	6682.00	2227.50
91.	प्रेम सागर, सुरजा वाला	बाकॉला देवरी	,,	3783.00	368.00
92.	शोभाराम की मेड़बन्दी	,,	,,	600.00	600.00
93.	गूंगा बंजारा का जोहड़	गडहट	खोह	8127.35	8127.35
94.	गूंगा बंजारा की मेड़बन्दी	,,	,,	2035.30	2035.30
95.	गूंगा बंजारे की मेड़बन्दी	,,	,,	3243.00	3243.00
96.	बाबा सागर	सक्काला	,,	7767.00	2589.30
97.	शिव सागर	,,	,,	9622.50	3207.50
98.	वीर सागर	,,	,,	1206.00	402.00
99.	गोध्याली जोहड़ी	रामपुरा	,,	12092.25	4030.75
100.	कोली वाला एनिकट	,,	,,	1171.50	—
101.	दॉतडा वाला एनीकट सीताराम का	रामपुरा	राजगढ़	4230.00	2358.75
102.	छीड़ी वाला जोहड़	,,	,,	3528.75	-
103.	पहाड़ी का जोहड़	घाटडा	,,	2239.50	746.50
104.	आसण का एनिकट	,,	,,	40587.50	5557.50
105.	सेढ़ वाला जोहड़	रूपबास	,,	2830.50	943.50
106.	पंचवीर वाला जोहड़	,,	,,	2238.75	746.25

107.	रूपवास का ऐनिकट	,,	,,	2,29485.00	35912.75
108.	धारू वाला बांध	घेवर	,,	8949.00	2985.00
109.	रूपनारायण की मेड़बन्दी ''तिलदह''	पालपुर	,,	885.00	885.00
110.	धोली खान वाला एनिकट	,,	,,	72299.00	24963.00
111.	रैबारी वाला जोहड़	घेवर	,,	1881.00	627.00
112.	बुधपुरा का जोहड़	बुधपुरा	,,	4392.00	1464.00
113.	गौरी बाबा का जोहड़	तिलवाड़	,,	3300.00	—
114.	घाटी वाला जोहड़	बरवा डूंगरी	,,	1372.00	457.00
115.	कोलियों वाला जोहड़	तिलवाड़	,,	3624.00	1208.00
116.	ग्राम सागर ''कूण्डरोली''	कूण्डरोली	,,	10700.00	4145.00
117.	भगीरथ का एनिकट	,,	,,	2582.00	432.00
118.	धहकारा का जोहड़	दौलतपुरा	,,	1732.50	577.50
119.	डाबड़ी वाली जोहड़ी	बीघोता	,,	2319.00	773.00
120.	काला बाबा का जोहड़	,,	,,	7460.00	2486.00
121.	काशीनाथ की जोहड़	बीघोता	,,	8360.70	3600.00
122.	सूली वाला खेत की मेड़बन्दी	,,	,,	1037.50	1037.50
123.	सूली वाला जोहड़	,,	,,	4666.00	1555.00
124.	बीगोता	,,	,,	3627.00	
125.	श्यामली का जोहड़	वीरपुर	,,	1181.00	394.00
126.	खजूर का वास का जोहड़	,,	,,	18169.75	5733.15
127.	नया जोहड़	दानपुर	,,	8205.50	2734.90
128.	चावल चाला जोहड़	पीपलहेड़ा	,,	882.00	294.00
129.	बीरम की माता वाला जोहड़	बहड़कोकलां	,,	1582.50	
130.	ब्राह्मणों का ढण्ड वाला जोहड़	,,	,,	4248.50	891.20
131.	माली वास वाली जोहड़ी	,,	,,	1833.00	611.00
132.	खटीकों वाली जोहड़ी	राजपुरा	,,	1629.25	543.30
133.	स्कूल पीछे का जोहड़	पिनान	,,	16165.75	5388.60
134.	बावड़ी वाला जोहड़	,,	,,	7730.10	2576.60
135.	चावण्ड वाली जोहड़ी	पीपलहेड़ा	,,	6630.00	2210.00
136.	भिया की वाली जोहड़ी	पाडली	,,	8576.00	2858.60
137.	नीम वाली जोहड़ी	,,	,,	1721.50	1350.00
138.	गोर्धनपुरा का जोहड़	उजाड़ का बास	,,	6381.00	2127.05
139.	खोड़ा वाली जोहड़ी	नागल पानीनाश	,,	1156.00	516.00
140.	धर्मपुरी का जोहड़	धर्मपुरी	,,	9782.00	3260.70
141.	रैवारी वाली जोहड़ी	राजपुर	,,	1322.00	441.00
142.	जोधावाला जोहड़	डांगरवाड़ा	,,	18282.00	6094.00
143.	चौबुर्जा वाला जोहड़	डगडगा	,,	4489.00	1496.45
144.	नया बास वाला जोहड़	सैथल	,,	1687.60	562.40

145.	कुकरवाड़ी का एनिकट	कुकरवाड़ी	,,	—	—
146.	पीलवाला एनिकट	,,	,,	37702.70	2/15.00
147.	टहला वाला बांध	टहला	,,	4400.00	
148.	रामजीलाल की तलाई	,,	,,	14500.00	
149.	भौरंगी बाबा का जोहड़	बिणजारी	,,	3150.00	1050.00
150.	बागासर की तलाई	देगां	जैसलमेर	7000.00	2340.00
151.	लूणात वाला बांध	बीरमा काणोद	,,	2475.00	825.00
152.	चाटलिया की नाड़ी	,,	,,	1050.00	1050.00
153.	दादियां में मेड़बन्दी का कार्य	दादिया	,,	14800.00	
154.	सवाई माधोपुर के कार्य		सवाई माधोपुर	2,82,666.75	47957.00
155.	टांका	दुहार माला	थानागाजी	91991.25	5941.75
156.	नीमड़ी वाली जोहड़ी	,,	,,	1612.50	537.50
157.	बड़ा जोहड़	,,	,,	1788.75	596.25
158.	भौरा का जोहड़ (दड़ाम वाला)	,,	,,	1957.50	652.50
159.	कूण्ड्डी वाला बांध	रह का माला	,,	7875.00	1260.00
160.	बंजड़ी वाली जोहड़ी	,,	,,	405.00	135.00
161.	धोकां वाला जोहड़	,,	,,	1485.00	495.00
162.	घाटी वाला जोहड़	,,	,,	42723.75	11441.25
163.	काला खोरा का जोहड़	तोलावास ([illegible])	,,	4128.60	-
164.	गौर वाला जोहड़	खोनगलहेडी	,,	29883.00	9091.20
165.	खान वाला बांध	नागलहेडी	,,	12991.00	12951.00
166.	पापडी वाला बांध	भूराला	,,	1,68988.75	21631.00
167.	झूंडा वाला बांध	बसई जोगियान	,,	1289.25	1289.25
168.	सुलतान की मेड़बन्दी	,,	,,	935.40	935.40
169.	रामकिशन का एनिकट	बाछड़ी	,,	2654.50	श्रम सामग्री
170.	बूज की तलाई	बूज	,,	225.00	75.00
171.	गुवाड़ा सोती	गुवाड़ा सोती	,,	15275.00	श्रम व सामग्री
172.	डोरोली वाला जोहड़	डोरोली	रैणी	12696.00	4232.00
173.	बदरी बांध	,,	,,	1871.25	1871.25
174.	भर्तृरी वाली जोहड़ी	,,	,,	7116.50	2372.25
175.	अलूका बांध	समरा	,,	4728.85	4728.85
176.	नीसा वाला बांध "राजाली"	,,	,,	4222.95	4222.95
177.	नया कुआ की मेड़बन्दी	,,	,,	1101.90	1101.90
178.	सौंडया की तलाई	,,	,,	708.75	236.25
179.	टगरिया नाएडा की तलाई	,,	,,	2750.00	
180.	काल्याकां की जोहड़ी	,,	,,	1528050	1528.50
181.	मोडाला का बांध	,,	थानागाजी	1528.50	1528.50

182.	कालूराम की मेड़बन्दी	,,	,,	2368.50	2368.50
183.	भोज्याकाला बांध	कालैड	,,	39510.00	3885.00
184.	ढड वाला जोहड़	,,	,,	4943.25	1644.75
185.	पीली तलाई	,,	,,	4038.00	1346.00
186.	मालियों का जोहड़	,,	,,	3004.00	1002.00
187.	खाती वाला जोहड़	,,	,,	12641.25	4213.75
188.	बेलाला बांध	,,	,,	12640.00	
189.	खड का नाला का बांध	माण्डलवास	राजगढ़	7108.00	3554.00
190.	बावड़ी की मेड़बन्दी भागला मीणा	,,	,,	701.00	351.00
191.	बावड़ी की मेड़बन्दी रामदयाल मीणा	,,	,,	1799.00	899.00
192.	धोली राड़ी का बांध	,,	,,	7795.00	3897.0017
193.	झाकडयां वाला बांध	,,	,,	11275.00	5638.00
194.	रास्ते के पास वाली मेड़बन्दी	,,	,,	2025.00	1012.00
195.	छिल्ला वाली मेड़बन्दी	मांण्डलवास	राजगढ़	1332.00	666.00
196.	बणिया का बड़ वाला बांध	गढ़	,,	13559.00	6779.00
197.	नया बांध का जोहड़	राजौर	,,	8457.40	1919.10
198.	स्कूल पीछे का जोहड़	काण्यास	,,	20675.85	6891.95
199.	राजाला बांध	कांसला	,,	25113.00	12556.00
200.	चूलसिद्ध वाली जोहड़ी	काकवाड़ी	,,	2800.80	933.60
201.	लांकाश वाला बांध	लांकाश	,,	4480.00	
202.	बनिया वाला जोहड़	बीलवा बिरकड़ी	,,	4247.00	1415.50
203.	नागल चन्देल का एनिकट	नागल चन्देल	,,	2340.00	
204.	पहाड़ नीचे की मेड़बन्दी	,,	,,	1165.00	1165.00
205.	नाले के ऊपर का चेकडेम	,,	,,	1035.00	345.00
206.	नया जोहड़	लोसल ब्राह्मण	,,	4530.40	1810.10
207.	भैरूंजी वाला नया जोहड़	,,	लोसल ब्राह्मण	राजगढ़	337.00
112.50					
208.	बयार वाला जोहड़	,,	,,	720.00	240.00
209.	बैठकाला बांध पिचिंग	लोसल गुजरान,	,,	19319.00	2855.00
210.	गोपाल गुजा का बांध	,,	,,	4403.00	4403.00
211.	रेती वाला बांध	,,	,,	3647.00	3647.00
212.	गंगोती वाला जोहड़	राडी नाडू	,,	3740.25	1246.75
213.	सोना वाला बांध	,,	,,	76989.00	5663.00
214.	नागल करना का जोहड़	नागल करना	,,	2070.00	690.00
215.	पचवीर वाला जोहड़	,,	,,	3218.00	1072.00
216.	दुर्गा माता का कुण्ड	बीघोता	,,	490.00	श्रम सामग्री
217.	देहरादास का जोहड़	डोरोली	,,	1595.00	583.75
218.	बावडी वाला जोहड़	,,	,,	800.50	267.00

219.	तेजा का बांध वाला जोहड़	रायसर	,,	13350.00	श्रम सामग्री
220.	पराग वाला जोहड़	सामरेड	थानागाजी	8694.75	2898.00
221.	गोपाल गुर्जर का एनिकट	बुजा	,,	1.56255.60	21971.25
222.	किशन का एनिकट	,,	,,	-	-
223.	घाटी तला का जोहड़	ढहकला	~~सजमढ़~~	13821.00	4607.00
224.	दडगस वाली जोहड़ी	दुहार माला	थानागाजी	2193.75	731.35
225.	~~काली खोल वाला जोहड़~~	~~सम्मसम्मर~~	राजगढ़	2227.00	2227.00
226.	,,	काली खोल		16,155.00	5,385.00
227.	पचवीर वाला जोहड़	काली पहाड़ी	,,	8,614,35	2,871,45
228.	गोर वाला जोहड़	गुरू गोठड़ी	,,	11,917.00	3,972.40
229.	चोरसी वाला जोहड़	सीकरियावास	,,	11,670.60	3,890.20
230.	मोरेड वाला जोहड़	मोरेडकला	,,	8,296.75	2765.60
231.	छाजवाला एनीकट	हाजीपुर	,,	4,980.00	4980.00
232.	मुडियॉ वाला जोहड़	मुडियां	,,	3,634.00	2,423.00
233.	शहिद वाला जोहड़	मिर्जापुर	,,	9,090.00	9,090.00
234.	मामचन्द वाला जोहड़	धोकड़ी	,,	1,795.50	1,795.50
235.	~~धाला~~ वाला जोहड़	चौमू	,,	3,375.00	1,125.00
236.	खोरा वाला जोहड़	बिलन्दी का वास	,,	15,364.00	5,121.40
237.	शास्त्री वाला जोहड़	चौमू	,,	5,852.00	5,852.00
238.	बगीची वाला जोहड़	उमरैण	,,	8,698.50	4,349.30
239.	राधेश्याम की मेड़बन्दी	मंदारी की ढाणी	,,	2,373.00	2,373.00
240.	मुखराम की मेड़बन्दी	मंदारी की ढाणी	,,	3,022.00	3,022.00
241.	रतनलाल की मेड़बन्दी	मंदारी की ढाणी	,,	1.046.50	1,046.50
242.	सैईया वाला जोहड़	केरवा	,,	15,147.50	5,049.00
243.	बड़ा बांस वाला जोहड़	सताना	,,	5,923.50	1,974.50
244.	बनी वाला जोहड़	बडेर का वास	,,	5,307.00	1,769.00
245.	~~बेला~~ वाला जोहड़	काली खोल	,,	7,273.00	2,424.00
246.	सरपंच वाला एनीकट	काली खोल	,,	7,425.00	7,425.00
247.	चूड़सिंह वाला जोहड़	खरखड़ा	,,	17,866.00	5,955.00
248.	बूर्जा वाला जोहड़	खरखड़ा	,,	12,000.00	4,000.00
249.	सीरावास वाला जोहड़	सीरावास	,,	5,696.00	1,899.45
250.	रामतलाई	खरखड़ा	,,	2,844.00	948.00
251.	काला पापड़ा वाला जोहड़	खरखड़ा	,,	10,064.75	3,355.00
252.	खारी वाला जोहड़	खरखड़ा	,,	4,000.00	1,250.00
253.	पचवीर वाला जोहड़	पथरोडा	,,	11,439.00	3,813.00
254.	चावंड वाला जोहड़	पथरोडा	,,	30,000.00	10,000.00
255.	तुलसी नाथ वाला जोहड़	कैरवावाली	,,	24,000.00	8,000.00
256.	ओडाल वाला जोहड़	कैरवावाली	,,	6,000.00	2,000.00

257.	बरवावाल वाला जोहड़	कैरवावाली	,,	13,603.00	13,603.00
258.	पठान वाला जोहड़	कैरवावाली	,,	5,559.00	1,853.00
259.	साहब खान का एनीकट	अकबरपुर	,,	27,425.00	27,425.00
260.	हलदीना वाला जोहड़	हलदीना	,,	15,000.00	5,000.00
261.	बास वाला जोहड़	बडेर		16,125.00	5,375.00
262.	रामतलाई	बीणक		950.30	300.00
263.	गांवआगला जोहड़	बेरला		1,131,00	350.00
264.	गांव आगला जोहड़	बेरला		12,087.65	4,029.25
265.	मूलचन्द की मेड़बन्दी	भडकोल		1,925.00	1,925.00
266.	रामखिलाड़ी की मेड़बन्दी	भडकोल		4,729.00	4,729.00
267.	रतनलाल वाला जोहड़	डडीकर		1,046.80	1,773.00
268.	पंचदेव वाला जोहड़	अधीरा		4,000.00	1,250.00
269.	बगीची वाला जोहड़	उमरैण		1,845.00	615.00
270.	बगीची छोटेलाल वाला जोहड़	उमरैण		3713.00	
271.	ढाकला वाला जोहड़	सताना		2,996.00	2,996.00
272.	पूर्णसिंह वाली मेड़बन्दी	खरखड़ा		767.80.00	767.80
273.	मदारी की ढाणी			2,228.00	2,228.00
274.	चौधरी वाला जोहड़	डगडगा			इन पर काम चालू है
275.	बनिया वाला जोहड़	डगडगा			,,
276.	नया वास का जोहड़	सैंथल			,,
277.	पदमा वाला जोहड़	सैंथल			,,
278.	हनुमानजी वाला जोहड़	सैंथल			,,
279.	बबुल वाला जोहड़	बल्लूपूरा			,,
280.	वाल का एनिकट	लादिया			,,
281.	कुनाल सागर	पाडली			,,
282.	बंदड़ी वाला जोहड़	डोरोली			,,
283.	ढण्ड वाला जोहड़	बहड़को			,,
284.	स्कूल वाला जोहड़	बिचपुरी			,,
285.	मरघट वाला जोहड़	डगडगा			,,
286.	फुटियाला बांध	कीलपुर खेड़ा			,,
287.	हनुमानजी की बगीची वाला जोहड़	डेरा			,,
288.	जोगियों की वास वाला जोहड़	डोरनेली			,,
289.	भूरा सिद्ध का बाघ	माचेड़ी			,,
290.	भूरिया के बास वाला एनिकट	इसवाना			,,

GOYAL ASHOK & ASSOCIATES
CHARTERED ACCOUNTANTS
JAIPUR

TARUN BHARAT SANGH, BHEEKAMPURA, KISHORI (ALWAR)

CONSOLIDATED RECEIPTS & PAYMENTS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED ON 31.3.96

RECEIPTS	AMOUNTS	PAYMENTS	AMOUNT
To Opening Balance		By Honorarium & Stipend	5,19,716.00
		By Workshop/ Seminar/ Camps Exp.	7,25,771.50
Cash in hand 77,749.40			
Cash at Bank 4,28,553.37	5,06,302.77		
		By Awarness & Mobilisation of people	3,74,954.75
		By Administrative Exp.	62,000.00
To CONTRIBUTION FROM		By Johads/ Dam/ Physical work	45,16,666.75
Inter Co-operation Switzerland	17,18,000.00	By Travelling Exp.	1,25,317.84
ICCO. Netherlnd	57,96,160.00	By Training Material	24,846.00
S.D.C. Embassy of Switzerland	10,72,000.00	By Honorarium to Resources person	51,055.00
OXFAM India Trust	6,05,225.00	By Documentation Exp.	25,302.50
GTZ New Delhi	2,83,000.00	By Books Exp.	44,900.00
Central Social WelfareBoard	38,809.00	By Stationery & Postage	4,829.25
Edgeworth Trust	50,000.00	By Fodder Development	45,109.00
Lok Zumbish Parisad	1,50,000.00	By Machine Rapair & Maintenance	77,121.00
To Donations	84,816.00	By Disel Exp.	76,296.95
To Misc./ Other Receipts	16,668.00	By Loadging & Boarding Exp.	3,44,528.75
To Tractor Income	1,90,929.00	By Farming Exp.	6,251.00
To Loan Return from		By Donation	15,126.00
Development Alternative	14,550.00	By Wages Exp.	40,356.00
To Bank Interest	6,921.00	By Fuel Timber Exp.	15,313.00
AMOUNT CHARGED FROM VARIOUS		By Electric Charges	14,293.00
PROJECT		By Award	5,710.50
Food arrangement	9,59,907.60	By Plantation Exp.	7,537.00
Boarding	1,43,500.00	By Apiculture Exp.	15,000.00
Transporation	77,750.00	By Legal Exp.	4,385.00
Medicine	77,325.00	By Insurance Exp.	20,915.00
Rent of TV, VCR	7,000.00	By Audit Fee	4,000.00
Income from Documentation	20,000.00	By Bank Charges	4,078.00
Administrative Receipts	1,68,365.00	By Contigencies Exp.	3,00,587.80
To Sale of Books	1,03,600.00	By Increase in loan to workers & Oth.	1,05,210.00
		By Nutrition	1,13,784.00
		By Atmosphere Creation	3,218.65
		By Maping	31,590.37
		By Instalation of Extention Center	23,809.00

By Women Group Training	17,448.00
By Doctors Honorarium	20,500.00
By Maintenence of Jeep/	
Truck/ Motor Cycle etc.	2,54,413.35
By Health Education & Family Welfare	59,722.00
By Monitoring & Case Study	2,387.00
By Roofing Material	1,68,002.00
By Overheads	3,53,916.40
By Entry Point Activities	1,42,290.00
By Medicines	1,61,051.25
By Beding Exp.	15,502.50
By Capital Expenditure	
Motor Cycle	1,20,000.00
Land & Building	3,39,314.75
Gas Connection	8,092.80
Utensils	5,252.84
Tractor Trolly	37,000.00
Fan	729.25
Gyser	3,735.00
Camera	7,250.00
Furniture	29,210.80
Machinery	25,831.00
Computer	1,62,188.00
Mixer	3,200.00
Spining Machine	65,000.00
By Closing Balance	
Cash in hand	16,969.15
Cash at Bank	
Gramin Bank, Kishori	6,51,239.50
SBBJ, Thangazi	671.67
PNB, Umrain	2,00,010.00
The Bank of Raj. Ltd.	9.05,021.50
Fixed Deposit	5,68,000.00
1,20,90,828.37	**1,20,90,828.37**

AS PER OUR REPORT OF EVEN DATE
FOR GOYAL ASHOK & ASSOCIATES
CHARTERED ACCOUNTANTS

JAIPUR.
DATED : 27 MAY 1996 (A. K. GOYAL)
PROPRIETOR

FOR TARUN BHARAT SANGH

GENERAL SECRETARY

1996-97 का कार्य विवरण

संस्था के कार्य : इस वर्ष संस्था ने शैक्षणिक कार्यक्रम, स्वस्थ्य कार्य, रचनात्मक कार्यक्रम, बाढ़ राहत कार्य किये हैं। सेवा, शिक्षा (चेतना) के कार्यों द्वारा ग्रामसभा का संगठन मजबूत करके ग्राम स्वावलम्बन व ग्राम स्वराज्य के लिए काम किया। इस वर्ष 359 बांध जोहड़ संस्था के सहयोग से तथा लगभग 300 जोहड़/ बांध पूर्ण श्रमदान से बनाये गये हैं।

'क' शैक्षणिक कार्यक्रम : संस्था इस क्षेत्र की जनता को शिक्षित व जागरूक करने का कार्य गत वर्षों से करती आ रही है। इस वर्ष भी संस्था ने विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम किये हैं। जिससे यहां की जनता में एक प्रकार की नई जागृति आई है। यहां के लोग स्वाभिमान के साथ जीवन जीना सीख गये हैं। जहां कहीं अन्याय होता है, उसका प्रतिरोध करने के लिए पूरा का पूरा गांव एक-साथ हो जाता है। यही जन जागृति, लोक शिक्षण की पहचान होती है। संस्था ने शैक्षणिक कार्यक्रमों को निम्न रूपों में यहां की जनता के बीच किया हैं :

(1) बाल शालाएं, शिशु पालनागृह कार्यक्रम : ये कार्यक्रम, अलवर जिले की राजगढ़, उमरैण, थानागाजी तहसील में ग्रामीण कामकाजी महिलाओं के लिए व उनके बच्चों के लिए चलाये हैं। इस कार्यक्रम में 14 शिशुपालना केन्द्र चलाये गये हैं, जिसमें 350 बालक, बालिकाओं के लिए शिक्षा व पोषाहार, दवाई, मनोरंजन के लिए खिलौनों की व्यवस्था की गई। बच्चों की देखभाल के लिए आया तथा शिक्षा के लिए पढ़े-लिखे युवाओं को रखा गया है। बालिकाओं को शिक्षित करने की दृष्टि से अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र तथा सहज शिक्षा केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। इन केन्द्रों में 720 बालिकाओं को शिक्षित किया जा रहा है।

(2) चर्चा बैठकें : संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम विकास के लिए प्रतिदिन लगभग 50 गांवों में बैठकें होती हैं, जिसमें गांव को आगे बढ़ाने के लिए गहराई से बातचीत होती है। इसी बातचीत के माध्यम से गांव में कार्य करने की दिशा स्पष्ट होती है। अभी यह कार्य 460 गांवों में चल रहा है। संस्था के कार्यकर्त्ता गांव-गांव जाकर योजनाबद्ध तरीके से गांव में बैठकर चर्चा करते हैं। इसी का परिणाम है, अब लोग स्वयं अपने जल, जंगल संरक्षण कार्य करने लगे हैं।

(3) लेखन व दस्तावेजीकरण प्रकाशन : आज के युग में समाज को शिक्षित करने, नई दिशा दिखाने में लेखन का महत्वपूर्ण स्थान है। संस्था द्वारा प्रति माह गांव से संबंधित विषयों पर लेख लिखे जाते हैं, तथा समाज के लिए उन्हें समाचारपत्रों व पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जनता के बीच पहुंचाया जाता है। इस वर्ष संस्था द्वारा पर्यावरण, बाढ़ से मुक्ति, सामाजिक अन्याय के विषय में लेख लिखे गये हैं। संसाधनों का लोकाधारित प्रबन्ध पर विशेष जोर रहा है।

इस वर्ष किये गये कार्यों की दूसरों को जानकारी देने की दृष्टि से तथा दूसरे लोग भी इससे प्रेरित हो सकें इस प्रकार के कार्यों में संलग्न होकर संस्था ने अपने कार्यों का अध्ययन किया तथा दूसरों से भी इस कार्य में मदद लेकर दस्तावेजीकरण किया है। इस वर्ष 6 पुस्तकें प्रकाशित की गईं :

1. बाढ़ विनाश से मुक्ति तक अलवर-भरतपुर की 1996 की बाढ़ का अध्ययन
2. जलागम विकास के आयाम
3. भारतीय आस्था एवं पर्यावरण रक्षा
4. अरवरी नदी मृत्यु से पुनः जन्म तक
5. सेहत में स्वावलम्बन
6. बाढ़ पर श्वेतपत्र (अंग्रेजी)

(4) महिला जागृति शिविर : सही दिशा में बदलाव हेतु महिलाओं का सहयोग अति आवश्यक है। महिलाओं के सहयोग के बिना व्यक्ति, परिवार, समाज, देश उन्नति नहीं कर सकता। समाज के सभी विकास कार्यों में महिलाओं की भूमिका अहम होती है। इस दृष्टि से संस्था ने इस वर्ष विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से 45 महिला जागृति शिविर आयोजित किये हैं। इन शिविरों में महिलाओं को साफ-सफाई व रोजमर्रा के कार्यों से संबंधित विषयों पर बातचीत के अलावा ग्राम स्वावलम्बन के सामाजिक कार्यों में भाग लेने पर अधिक बल दिया गया है। इस क्षेत्र की महिलाओं ने संस्था के साथ जुड़कर अपने-अपने गांव में शिक्षा, जागृति, जल, जंगल, जमीन के संरक्षण में अपनी पूरी भागीदारी निभाई है। इससे एक नई उत्साहवर्धक लहर चल पड़ी है।

(5) युवा रचनात्मक कार्यकर्ता प्रशिक्षण : संस्था द्वारा दो प्रकार के रचनात्मक कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाते हैं : (1) समाज के उत्थान में लगे युवाओं की समझ विकसित करना (2) रचनात्मक युवाओं की पहचान करके समाज कार्य में लगाने हेतु प्रशिक्षण। संस्था यह मानती है कि जिस गांव, समाज तथा देश की युवा शक्ति समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को गहराई से समझती है वह गांव, समाज तथा देश उन्नति करता है। संस्था ने पिछले 12 वर्षों से युवाओं के लिए शिविर सम्मेलन आयोजित किये हैं। इस वर्ष भी संस्था ने इस क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं के लिए समाज में सामलाती जीवन शैली को पुन: स्थापित करने की दृष्टि से युवा रचनात्मक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये हैं जिसमें गांव के युवाओं को सामलात देह के संरक्षण करने और उनके विकास के लिए प्रबन्ध व तकनीकी जानकारी देकर स्वयं गांव में कार्य करने के लिए तैयार किया है। प्रशिक्षण प्राप्त युवा अपने-अपने गांव व आसपास के गांव में सामलात देह के प्रबन्धन व संवर्धन का कार्य करते हैं। व इस हेतु दूसरों को प्रेरित करते हैं। इस वर्ष संस्था ने 35 प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये हैं, जिसका समाज में समाज के रचनात्मक कार्यों पर अच्छा प्रभाव रहा है।

(6) कार्यशाला एवं संगोष्ठी : वैचारिक आदान-प्रदान की दृष्टि से तथा समझ विकसित करने के उद्देश्य से पर्यावरण खनन मजदूरों की समस्या व अलवर-भरतपुर में आई भयावह बाढ़ से बचने के उपायों को खोजने आदि विषयों पर तरुण आश्रम, भीकमपुरा, वाड़ी, करौली, दिल्ली, अलवर, भरतपुर, कामां में कार्यशालाएं आयोजित की गई, जिनमें देश के बुद्धिजीवियों, ने संस्था के कार्यकर्ताओं ने अलवर, भरतपुर जिले, राज्य सरकार तथा भारत सरकार के अधिकारियों, ग्रामीण जनता ने भाग लिया है। इन संगोष्ठियों के प्रभाव बहुत ही उत्साहवर्धक रहे।

सरकारी तन्त्र ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अपनी कार्य-योजना बनाकर ग्रामीण जनता के सहयोग पर कार्य प्रारम्भ करने की मंशा जाहिर की और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता के रूप में लेकर कार्य भी चालू किये हैं। प्रशासन को चुस्त बनाये रखने के लिए सरकारी विभागों से भी सम्पर्क बनाये रखा। इस वर्ष संस्था ने 17 कार्यशालाएं व संगोष्ठी आयोजित की हैं।

(7) ग्रामीण जन-जागृति शिविर : जन-जागृति शिविरों के माध्यम से संस्था समाज को निर्भयता, ग्राम्य स्वावलम्बन हेतु अनुशासन व आपसी सहयोग से जन-अभिक्रम को बढ़ाती है , जिससे गांव, समाज अपनी शक्ति का भान कर सके और अपने संसाधनों के विकास के साथ-साथ अन्याय का प्रतिकार कर सके।

त.भा.सं. का यह मानना है कि समाज में आज निर्माण की प्रक्रिया धीमी पड़ी है। इसको तेज करने के लिए सरकारी योजनाओं को ग्राम के सामाजिक कार्यों के लिए लाना होगा। इसके साथ-साथ समुदाय भी अपने संसाधनों के विकास के लिए, एकजुट होकर प्रयासरत रहे, अन्याय के प्रति अहिंसक संघर्ष करते रहे हैं। लोक संघर्षों से व्यवस्था संवेदक बनती है। संवेदक और सशक्तीकरण से ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू होती है। यही प्रक्रिया समाज में समरसता लाती है। इस वर्ष संस्था ने 68 शिविर तथा चार सम्मेलन किये हैं।

(8) ग्राम सभा तथा लोकसमिति पदाधिकारियों का प्रशिक्षण : गांव द्वारा बनाई गई ग्राम सभा, लोक समिति, प्रेरक दल, तथा ग्राम विकास समिति के सदस्यों को संस्था द्वारा गांव के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, गांव के संसाधन के विकास व संवर्धन के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है तथा ग्रामवासी स्वावलम्बी बनें , गांव अपनी योजना बनाकर गांव का विकास करें। इस वर्ष संस्था ने 35 गांव के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया है।

(9) शैक्षणिक भ्रमण : संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों को और अधिक गति से विस्तार करने के लिए जहां पर कार्य प्रारम्भ करना होता है, उस क्षेत्र के लोगों को जानकारी के लिए अपने पुराने काम दिखाये। और मौके पर ही अन्य जानकारी दी गई है।

कार्यक्षेत्र की जनता से भी सीधी बातचीत कराई है, जिससे नये क्षेत्र के लोगों में विश्वास पैदा हुआ है और वे भी अपने गांव में कार्य करते हैं। संस्था के कार्यकर्ता भी अपनी समझ को और अधिक विकसित करने के लिए अन्य जगहों पर जाते हैं, जहां पर समाज के लिए अच्छे कार्य हुए हों, कार्यकर्ता राजस्थान व अन्य प्रान्तों में भी गये हैं, जहां से भी कार्यकर्ताओं को उपयोगी जानकारी मिलती है, उसे अपने अमल में लाते हैं, जिससे कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता बढ़ती है और संस्था व समाज का कार्य भी तेज गति से व अच्छा होता है। इस वर्ष राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि प्रांतों का भ्रमण किया गया। उक्त सभी राज्यों से लोगों, सरकारी अधिकारियों ने हमारे क्षेत्र में आकर हमारा काम भी देखा।

(10) अन्याय के प्रतिकार की तैयारी : संस्था का यह अनुभव है कि, जहां पर समाज के लिए सामाजिक कार्य किये जाते हैं, वहां पर गांव स्तर के नेता, क्षेत्रीय स्तर के नेता, राजनेताओं के साथ-साथ सरकारी तन्त्र तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न करते हैं, स्पष्ट साफ-सुथरी दृष्टि से किये जा रहे सामाजिक कार्यों से ये लोग सीधे प्रभावित होते हैं। इनके स्वार्थों पर सीधा प्रभाव पड़ता है। जब गांव के लोग एकजुट हो जाते हैं और अपना कार्य स्वयं करते हैं तो वह कार्य इन नेताओं व सरकारी तन्त्र की आंख की किरकिरी बन जाते हैं। संस्था ने 12 वर्ष के दौरान यह अनुभव किया कि, सामाजिक कार्यों में स्वार्थी लोगों द्वारा बाधाएं पैदा की जाती रही हैं। संस्था ने इन बाधाओं को प्रतिवर्ष अहिंसक संघर्ष करके दूर किया है और गांव वालों को भी अहिंसक रूप से तैयार किया है। अन्याय के प्रतिकार के लिए यह जरूरी नहीं है कि, व्यक्ति, समाज पढ़ा-लिखा हो। अनपढ़ समाज का समझदार व जागरुक होना जरूरी है। इस क्षेत्र की ग्रामीण जनता पर नीचे से ऊपर तक विभिन्न विभागों द्वारा जैसे सिंचाई विभाग, वन विभाग, खनन् विभाग, मत्स्य विभाग, पुलिस, राजनेता व खान मालिकों के द्वारा कार्यों में विरोध किया है और तरह-तरह के षड्यन्त्र रचे जाते रहे है। यहां की ग्रामीण अनपढ़ जनता ने सरकारी तन्त्र की कारगुजारी व राजनेताओं के झूठे आश्वासनों का भंडाफोड़ किया है। इस सब में अन्याय के प्रतिकार के लिए संस्था ग्रामीण जनता के साथ रही है।

इस वर्ष मत्स्य विभाग ने ग्राम हमीरपुर के लोगों द्वारा किये जा रहे जल संरक्षण के कार्यों पर अपना कब्जा कर लिया, जबकि इन कार्यों में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगा था। गांव वालों ने अपनी मेहनत की कमाई से अरवरी नदी पर एनीकट बनाकर नदी को पुनर्जीवित किया है। नदी में प्राकृतिक रूप से मछलियाँ उत्पन्न हो गई हैं। गांव वाले मानते हैं कि यह कार्य भगवान ने हम सभी ग्रामवासियों से करवाया है। जो बड़े पुण्य का कार्य है। इन मछलियों को गांव का बच्चा,बूढ़ा, युवा, महिलाएं देख-देख कर आनंदित होते हैं। गांव वालों को मछलियों में मत्स्य भगवान के दर्शन होते हैं। गांव वाले इन्हें अपने प्राणों से भी अधिक मानते हैं। दूसरी तरफ संवेदनशून्य मत्स्य विभाग इन्हें राज्य की सम्पत्ति मानता है। इसी के तहत विभाग ने माह नवम्बर, 96 में इन मछलियों को पकड़ने के लिए ठेका दे दिया। विभाग ने गांव वालों से एक बार भी सम्पर्क नहीं किया। अलवर में बैठे-बैठे यह सभी कार्यवाही हो गई। गांव के एक भी आदमी को इस विषय में कोई जानकारी नहीं थी । जब ठेकेदार अपने सहयोगियों के साथ मछली पकड़ने के सामान को लेकर गया, तो गांव वालों को आश्चर्य हुआ। गांव वालों ने आपस में बातचीत कर कहा कि यहां एनीकट नहीं था, पानी नहीं था तब मत्स्य विभाग कहां था ? एनीकट हमारा है। पानी हमारा है। मछली हमारी है। हम मछली नहीं पकड़ने देंगे। सभी ने मछली पकड़ने से मना कर दिया तथा ठेकेदार का सामान भी अपने कब्जे में कर लिया। ठेकेदार ने गांव वालों को डराया कि मैंने सरकार से ठेका लिया है। मैं तुम्हें जेल करवा दूंगा। ठेकेदार ने प्रतापगढ़ थाने में संस्था के कार्यकर्ता व गांव वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। उधर मत्स्य विभाग ने अपने तरीके से गांव के लोगों को डराया। पुलिस ने अपनी तरह से जाल फैलाया। थानागाजी के तहसीलदार ने गांव वालों को अपने पद की ताकत के बल से डराया। पूरा का पूरा सरकारी तन्त्र हमीरपुर के लोगों व संस्था के कार्यकर्ताओं को तरह-तरह से भयभीत करने लगे। इस सब के बावजूद जनता की जीत हुई।

